<u>राजभाषा प्रश्नोत्तर</u>

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हां या नहीं में दें:

1. अनुच्छेद 343(1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी है.
   हां/नहीं **उत्तर: हाँ**

2. संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

3. संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी भाषा का उत्तरोत्तर प्रयोग करने की सिफारिश गृह मंत्रालय करता है/संसदीय राजभाषा समिति करती है.
   हां/नहीं **उत्तर:संसदीय राजभाषा समिति**

4. 'क' क्षेत्र में गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब राज्य और चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र आते हैं. **हां/नहीं** **उत्तर: नहीं**

5. केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों द्वारा सभी विज्ञापन हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में साथ-साथ जारी कराना अनिवार्य है. **हां/नहीं** **उत्तर: नहीं**

6. कोई कर्मचारी किसी फाईल पर टिप्पणी या मसौदा हिंदी अथवा अंग्रेज़ी में लिख सकता है. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

7. कर्मचारी टिप्पणी हिंदी अथवा अंग्रेज़ी में लिखे तो उससे अपेक्षा की जाएगी कि वह उसका अनुवाद दूसरी भाषा में भी प्रस्तुत करे. **हां/नहीं** **उत्तर: नहीं**

8. राजभाषा नियम 1976 के नियम 11 के अनुसार मैनुअल, संहिताएं और प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य, लेखन सामग्री आदि द्विभाषी रूप में मुद्रित या प्रकाशित किए जाएं.
   हां/नहीं **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

9. राजभाषा नियम 1976 के नियम 7 के अनुसार कर्मचारी आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिंदी या अंग्रेज़ी में कर सकता है. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

10. हिंदी टाइपिंग की परीक्षा पास करने पर अराजपत्रित कर्मचारियों को वैयक्तिक वेतन देय होगा.
    हां/नहीं **उत्तर: हाँ**

11. क्या अष्टम अनुसूची में अंग्रेजी भाषा भी शामिल है. **हां/नहीं** **उत्तर: नहीं**

12. धारा 3(3) के अंतर्गत आरक्षण चार्ट आते हैं. **हां/नहीं** **उत्तर: नहीं**

13. धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेजों को द्विभाषी रूप में जारी करवाने के लिए कार्यालय
का प्रशासनिक प्रधान व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होता है. **हां/नहीं** **उत्तर: नहीं**

14. केंद्रीय सरकार के उपक्रमों पर संघ की राजभाषा नीति लागू होती है. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

15. अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह 'क' क्षेत्र के अंतर्गत आता है. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

16. हिंदी में हस्ताक्षरित अंग्रेजी में दिए गए आवेदन, अपील तथा अभ्यावेदन का उत्तर हिंदी में दिया जाना चाहिए. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

17. 'क' क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के बीच हिंदी में पत्राचार किए जाने चाहिए. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

18. हिंदी में हस्ताक्षरित अंग्रेजी पत्रों के उत्तर हिंदी में नहीं दिए जा सकते हैं. **हां/नहीं** **उत्तर: नहीं**

19. हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाला कर्मचारी हिंदी पत्र का अंग्रेजी अनुवाद नहीं मांग सकता है. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

20. हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों को विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए हिंदी का प्रयोग करने के लिए बाध्य किया जा सकता है. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

21. अहिंदीभाषी क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में रबड़ की मोहरें तीन भाषाओं में बनवाई जानी चाहिए. **हां/नहीं** **उत्तर: नहीं**

22. कार्यालयी प्रयोग में आने वाले फार्म केवल अंग्रेजी में तैयार किए जा सकते हैं. **हां/नहीं** **उत्तर:नहीं**

23. केंद्रीय सरकार के अधिसूचित कार्यालयों में टिप्पण तथा आलेखन में केवल हिंदी का प्रयोग किया जाना अपेक्षित है. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

24. क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों से क तथा ख क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार के कार्यालयों को अंग्रेजी में पत्र भेजे जा सकते हैं. **हां/नहीं** **उत्तर: नहीं**

25. मंडल राजभाषा कार्यान्वन समिति की बैठक प्रत्येक महीने होती है. **हां/नहीं** **उत्तर: नहीं**

26. संघ की राजभाषा नीति के समन्वय का कार्य गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग करता है. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

27. हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में राजभाषा विभाग प्रतिवर्ष वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है. **हां/नहीं** **उत्तर: हाँ**

28. जिन कार्यालयों के 80 प्रतिशत या अधिक कर्मचारियों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त हो, क्या उन्हें अधिसूचित किया जा सकता है. **हां/नहीं उत्तर: हाँ**

29. सभी कंप्यूटरों को द्विभाषी रूप में कार्य करने योग्य बनाया जाना अनिवार्य है. **हां/नहीं उत्तर: हाँ**

30. विभागीय परीक्षाओं के सभी प्रश्न-पत्रों को द्विभाषी रूप में बनवाया जाना अनिवार्य नहीं है. **हां/नहीं उत्तर: नहीं**

31. संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए जांच बिंदु स्थापित करना रेलवे बोर्ड का दायित्व है. **हां/नहीं उत्तर: नहीं – स्थानीय आधार पर**

32. संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति रेल कार्यालयों का निरीक्षण करती है. **हां/नहीं उत्तर: हाँ**

33. देवनागरी लिपि तथा वर्तनी का अभी तक मानकीकरण नहीं किया गया है. **हां/नहीं उत्तर: नहीं**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :-

1. राजभाषा नियमों तथा अधिनियमों के उपबंधों का समुचित रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कौन उत्तरदायी होता है.

उ. **प्रशासनिक प्रधान**

2. क्षेत्रीय रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कौन होते हैं.

उ. **महाप्रबंधक तथा अपर महाप्रबंधक**

3. क्षेत्रीय रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव कौन होते हैं.

उ. **उप महाप्रबंधक, राजभाषा**

4. रेल हिंदी सलाहकार समिति के अध्यक्ष कौन होते है.

उ. **रेल मंत्री**

5. हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिलाने का निर्णय कब लिया गया?

उ. **14 सितंबर 1949 को**

6. हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?

उ. **14 सितंबर को**

7. संविधान की आठवीं अनुसूची में कौन-कौन सी भाषाएँ शामिल की गई हैं और वे कितनी हैं? उनका उल्लेख करें।

उ. **संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नानुसार बाईस भाषाएँ शामिल हैं :-**

1. असमिया	**7. कोंकणी**	**13 पंजाबी**	**19 बोडो**
2. बंगला	**8. मलयालम**	**14 संस्कृत**	**20 संथाली**
3. गुजराती	**9. मणिपुरी**	**15 सिन्धी**	**21 मैथिली**
4. हिंदी	**10 मराठी**	**16 तमिल**	**22 डोगरी**

5. कन्नड़	**11 नेपाली**	**17 तेलुगू**	
6. कश्मीरी	**12 उड़िया**	**18 उर्दू**	

8. भारत के संविधान में शामिल की गई विदेशी भाषा कौन-सी है?

उ. **नेपाली**

9. राजभाषा नीति की जानकारी देने वाले अनुच्छेद 343-351 संविधान के किस भाग में हैं?

उ. **संविधान के सत्रहवें भाग में**

10. राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत कौन-कौन से दस्तावेज आते हैं?

उ. **धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेज निम्नलिखित हैं:-**

1. संकल्प, 2. सामान्य आदेश, 3. परिपत्र, 4. ज्ञापन, 5. नियम, 6. अधिसूचनाएं, 7. प्रेस विज्ञप्तियां, 8. प्रशासनिक व अन्य रपट, 9. संविदा, 10. करार, 11. लाइसेंस, 12. परमिट, 13. निविदा सूचना/निविदा प्रपत्र, 14. संसद के किसी एक या दोनों संदनों में रखे जाने वाले कागजात

ऐसे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्तियों का यह उत्तरदायित्व होगा कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि ऐसे दस्तावेज हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किए जाएं, निष्पादित किए जाएं और जारी किए जाएं।

11. संसदीय राजभाषा समिति का गठन कब हुआ और इसके क्या कर्तव्य हैं?

उ. **संसदीय राजभाषा समिति का गठन जनवरी 1976 में किया गया. इस समिति में 30 सदस्य होते हैं, जिनमें से 20 लोक सभा से और 10 सदस्य राज्य सभा से होते हैं।**

1967 में यथासंशोधित, राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 4 के अनुसार संसदीय राजभाषा समिति का कर्तव्य यह होगा कि वह संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रयोग में की गई प्रगति का पुनर्विलोकन करे और उस पर सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को प्रतिवेदन करे. इस कार्य को सुचारू रूप से करने के लिए इस समिति को तीन उप समितियों में बांटा गया है। पहली उपसमिति, दूसरी उपसमिति और तीसरी उपसमिति। रेल मंत्रालय दूसरी उपसमिति में शामिल है।

12. संसदीय राजभाषा समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?

उ. **गृह मंत्री**

13. केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?

उ. **राजभाषा विभाग के सचिव।**

14. राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 में क्या व्यवस्था है?

उ. **हिंदी में प्राप्त पत्रादि के उत्तर हिंदी में दिए जाने होंगे।**

15. राजभाषा नियम के अधीन भाषा की दृष्टि से देश को कितने और कौन-कौन से क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है? कृपया उनके अंतर्गत आने वाले राज्यों के नाम लिखिए।

उ. **'क', 'ख' और 'ग' 3 क्षेत्रों में**

'क' क्षेत्र से हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, दिल्ली, अंडमान व निकोबार संघ शासित क्षेत्र अभिप्रेत हैं।

'ख' क्षेत्र से गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, चंडीगढ़, दमन और दीव, दादरा एवं नागर हवेली संघ शासित क्षेत्र अभिप्रेत हैं।

'ग' क्षेत्र से तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, जम्मू व कश्मीर, सिक्किम, असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड तथा पुदुचेरी अभिप्रेत हैं।

16. वार्षिक कार्यक्रम पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

उ. **18 जनवरी, 1968 को संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित राजभाषा संकल्प के उपबंधों के अनुसार, केंद्र सरकार के कार्यालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों द्वारा कार्यान्वयन के लिए एवं राजभाषा हिंदी के प्रसार और प्रगामी प्रयोग के लिए राजभाषा विभाग/गृह मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष एक वार्षिक कार्यक्रम तैयार किया जाता है। इसमें 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के लिए विविध मदों के अधीन हिंदी के प्रयोग संबंधी अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं।**

17. क्षेत्रीय रेल मुख्यालयों पर राजभाषा संगठन के उच्च अधिकारी का पदनाम क्या होता है?

उ. **मुख्य राजभाषा अधिकारी**

18. मूल पत्राचार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

उ. **मूल रूप से 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्रों को भेजे जाने वाले पत्र मूल पत्राचार के अंतर्गत आते हैं। सभी केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा हर वर्ष जारी किए जा रहे वार्षिक कार्यक्रम का अनुपालन करना जरूरी है, जिसके अनुसार 'क', 'ख' व 'ग' क्षेत्र से और विलोमत: भेजे जाने वाले मूल पत्राचार के लिए हिंदी/द्विभाषी रूप में पत्र जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है।**

19. हिंदी शिक्षण योजना के अधीन कौन सी परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं?

उ. **हिंदी शिक्षण योजना के अधीन तीन परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं – वे हैं प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ, हिंदी टाइपिंग तथा हिंदी आशुलिपि।**

20. हिंदी सीखने के लिए प्रशिक्षण की सुविधाओं पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

उ. **केंद्र सरकार के कार्यालयों में प्रबोध, प्रवीण तथा प्राज्ञ नामक तीन हिंदी परीक्षाएँ आयोजित की जाती हैं। इनकी नियमित पाठ्यक्रम, गहन पाठ्यक्रम, पत्राचार पाठ्यक्रम, अंशकालिक वर्ग तथा प्राइवेट तरीके से पढ़ सकते हैं।**

21. विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

उ. **<u>नियमित पाठ्यक्रम</u>** :- यह पाठ्यक्रम पांच महीने तक चलता है। साल में दो सत्र, अर्थात् जनवरी-मई सत्र तथा जुलाई-नवंबर सत्र आयोजित किए जाते हैं। इसके अधीन हिंदी शिक्षण योजना के प्राध्यापक द्वारा सप्ताह में दो या तीन दिन, डेढ़ या दो घंटे के लिए कक्षाएँ चलाई जाती हैं1

<u>गहन पाठ्यक्रम :-</u> ओपन लाइन के कर्मचारी जो नियमित पाठ्यक्रम में शामिल नहीं हो सकते हैं, वे इस पाठ्यक्रम के जरिए हिंदी सीख सकते हैं। इस पाठ्यक्रम के अधीन साल में तीन सत्र आयोजित किए जाते हैं।

<u>पत्राचार पाठ्यक्रम</u> :- यह पाठ्यक्रम केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया जाता है और एक साल तक चलता है। इसमें दाखिल हुए उम्मीदवारों को पाठ्यसामग्री और उत्तर पुस्तिकाएँ भेजी जाती हैं और उन्हें हल की गई उत्तर पुस्तिकाओं को वापस भेजना पड़ता है। उम्मीदवारों की सुविधा के लिए 2 व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जिसके दौरान वे अपनी शंकाओं को दूर कर सकते हैं। इस पाठ्यक्रम के अधीन परीक्षाएँ मई महीने में आयोजित की जाती हैं1

<u>प्राइवेट पाठ्यक्रम :-</u> परिचालन कार्य में लगे या ओपन लाइन में काम करने वाले कर्मचारी जिन्हें हिंदी कक्षाओं में पढ़ना संभव नहीं है, वे निजी प्रयत्नों से प्राइवेट उम्मीदवार के रूप में परीक्षा दे सकते हैं। उनको परीक्षाएँ पास करने पर नकद पुरस्कार और वैयक्तिक वेतन के अलावा एकमुश्त पुरस्कार भी दिया जाता है।

22. किसको हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारी मान सकते हैं?

यदि किसी कर्मचारी ने :-

- **(क) मैट्रिक परीक्षा या उसकी समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिंदी माध्यम से उत्तीर्ण कर ली है, या**
- **(ख) स्नातक परीक्षा में अथवा स्नातक परीक्षा की समतुल्य या उसे उच्चतर किसी अन्य परीक्षा में हिंदी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में लिया गया था, या**

(ग) यदि वह निर्दिष्ट प्रपत्र में यह घोषणा करता/करती है कि वह हिंदी में प्रवीणता प्राप्त है।